ing from July, 1991, a few vanaspati units have been set up and some are under installation. Various States are encouraging industrialisation by allowing tax exemption and some other relief.

(b) and (c) Yes, Sir. It is already seen that consumer preference has shifted to use of liquid oils in greater proportion.

Supply of essential commodities to J&K

2643. SHRI SUSHIL KUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there has been a demand form the people of Jammu and Kashmir for the proper supply of essential commodities to them under the public distribution system;

(b) if so, whether Government are considering to accede to the demands of the people of Jammu and Kashmir; and

(c) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI KAMALUDDIN AHMED): (a) to (c) The monthly off-take of rice and wheat by the State Government of Jammu & Kashmir have been about 46% of the quantities allocated to them during January to October, 1992. Allocated quantities of sugar and kerosene have however been liffed by the concerned agencies in the State. The Minister of State for Civil Supplies, Consumer Affairs and Public Distribution visited Jammu to review the position for improving the offtake of foodgrains by the State. Issues were discussed with the Governor of Jammu and Kashmir on 2nd November, 1992. Arrangements have been made to increase the stock of foodgrains in the State and to step up suppplies to the State, particularly to the valley area.

दिल्ली सुपर बाजारों के विरूद्ध शिकायतें

2644. **श्री शान्ति त्यागी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दिल्ली में सुपर बाजारों में बिकने वाले पदार्थों में मिलावट की शिकायतें मिली हैं;

(ख) यदि हां, तो ये शिकायतें किस प्रकार की हैं; और

(ग) सरकार दिल्ली में राशन की दुकानों और सुपर बाजारों में उपलब्ध खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए क्या कदम उठा रही है?

नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद): (क) से (ग) सुपर बाजार, दिल्ली ने सूचित किया है कि वे अपनी गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कड़ी गुणवत्ता जांच प्रणाली बनाए रख कर अपने बिक्री केन्द्रों के जरिए बेची जा रही खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं। सभी खाद्य वस्तुओं की, उनके बिक्री केन्द्रों में बिक्री के लिए रखे जाने से पूर्व जांच की जाती है और उसके बाद बिक्री की अवस्था में परीक्षण के रूप में जांच की जाती है। दालों, मसालों, चावल, आटा तथा अन्य अनाजों के मामले में प्रत्येक ढेर की उनकी बिक्री के लिए अनुमति देने से पूर्व जांच की जाती है। सुपर बाजार को एगमार्क आटे में कभी-कभी किरकिरा-हट होने की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, हालांकि ये नमूने भी एगमार्क के लिए निर्धारित परीक्षणों पर स्वीकृत थे। ऐसे मामलों में यह सुनिश्चित किया जाता है कि माल मुफ्त में बदल दिया जाए और विनिर्माताओं को अपनी संसाधन प्रणाली में सुधार करने की सलाह दी जाती है। खाद्य अपमिश्रण निवारण प्राधिकारियों द्वारा समय-समय पर खाद्य वस्तुओं के नमूने लिए गए हैं और आज तक कोई प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

जहां तक राशन की दुकानों पर उपलब्ध खाद्य वस्तुओं में मिलावट की जांच करने का संबंध है, आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा इसी प्रकार के अन्य कानूनों के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, जिसमें संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली शामिल है, को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं। दिल्ली प्रशासन के अधिकारी, उपभोक्ताओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की वस्तुओं की आपूर्ति, वितरण के कार्य पर, जिसमें सप्लाई की